**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 4098**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**घरेलू उड़ानों के लिए वायु सेना स्टेशनों का उपयोग**

**4098. कुमारी सैलजा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में घरेलू उड़ानों के लिए कितने वायुसेना स्टेशनों का उपयोग किया जा रहा है;
(ख) क्या यह सच है कि सरकार का घरेलू उड़ानों के लिए सिरसा और अंबाला वायुसेना केन्द्रों का उपयोग करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या समय-सीमा तय की गई है; और
(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने हिसार हवाई अड्डे को विमान यात्रा संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रदान किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त हवाई अड्डे से कितनी उड़ानें शुरू की जाएंगी?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): भारतीय वायु सेना हवाईअड्डों पर प्रचालनरत सिविल एन्क्लेवों की कुल संख्या 28 है।

(ख): हरियाणा में अवस्थित सिरसा हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना (आईएएफ़) की है और क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) दस्तावेज़ में असेवित हवाईअड्डों की अनंतिम सूची में शामिल है। बोली प्रक्रिया के पाँच दौर पूरे होने तक सिरसा से आरसीएस उड़ानों के प्रचालन हेतु किसी भी एयरलाइन बोलीदाता ने प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है।

हरियाणा में अवस्थित अंबाला हवाईअड्डा भारतीय वायु सेना (आईएएफ़) की है। आरसीएस (उड़ान) के तहत बोली प्रक्रिया के तीसरे दौर के दौरान, आरसीएस उड़ानों के विकास और परिचालन के लिए अंबाला हवाईअड्डे को चिह्नित किया गया था। सिविल एन्क्लेव का विकास किया गया है और वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा क्लीयरेंस और अभिलेखन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उड़ानों का परिचालन हवाईअड्डे के तैयार होने के अध्यधीन है।

(ग): लंबित विनियामक अपेक्षाओं के कारण हिसार हवाईअड्डे को अभी तक एयरोड्रोम लाइसेंस जारी नहीं किया गया है।

*****